<u>छात्राओं को ईव टीजिंग के प्रति किया जागरूक</u> **30-08-19**

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की आंतरिक शिकायत समिति (आई० सी० सी०) के तत्वावधान में छात्राओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें अतिथि वक्तव्य द्वारा छेड़छाड़ और रैगिंग के प्रति जागरूक किया । इस कार्यशाला में हरियाणा महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा और प्रख्यात समाज सेविका डॉ० आलोकदीप और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद की लीगल ऐड कॉउंसल उमा बतौर वक्ता उपस्थित थीं । डॉ० आलोकदीप ने छात्राओं को बताया कि सार्वजानिक स्थलों और घर परिवार से भी लड़कियों व महिलाओं के साथ प्रायः अवांछित व्यवहार होता है । चुप्पी अपराध को बढ़ावा देती है । युवाओं को सोच समझ कर मित्रता करनी चाहिए अन्यथा नुक्सान उठाना पड़ सकता है । उन्होंने यह भी बताया कि रेप पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार जरुरी है।

लीगल एडवाइजर अधिवक्ता उमा ने बताया कि सभी छात्राओं को सुरक्षा के लिए महिला हेल्पलाइन नंबर और दुर्गा शक्ति एप्प अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड करके रखना चाहिए । उन्होंने यह भी बताया कि पीड़िता अपनी शिकायत महिला थाने में महिला एडवोकेट के माध्यम से दर्ज़ करवा सकती है । वहां सुनवाई ना होने की स्थिति में सी० एम० विंडो पर भी शिकायत कर सकतें हैं जहां तुरंत सुनवाई का प्रावधान है । इस कार्यशाला में 124 छात्राएं लाभान्वित हुईं । कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के

मार्गदर्शन में आंतरिक शिकायत समिति (आई० सी० सी०) की संयोजिका श्रीमती कमल टंडन के निर्देशन में किया गया । इस कार्यशाला के बाद आंतरिक शिकायत समिति की एक बैठक भी हुई जिसमें डॉ० आलोकदीप, अधिवक्ता उमा, श्रीमती कमल टंडन, श्रीमती किरन आनंद, डॉ० गीता गुप्ता, डॉ० ऊषा चौधरी और छात्र संघ की प्रतिनिधि प्रीति नागर उपस्थित थे । इस बैठक में भविष्य में होने वाली गतिविधियों पर चर्चा की।

A workshop on 'Awareness about Eve Teasing & Ragging' was organised on 30th August 2019 by Internal Complaint Committee Aggarwal College Ballabgarh in collaboration with an NGO HWWA (Haryana Women Welfare Association).

Dr. Alokdeep, President HWWA & Social Activist and Advocate Uma, Legal Advisor District Judicial Services Authority were the speakers who deliberated on the topic. Dr. Alokdeep awared the girl students about good touch & bad touch, and to maintain a respectable distance from boys. She shared her contact number and asked the students to feel free to call her in case of any emergency.

Advocate Uma informed students about various helpline nos and Durga Shakti App. This workshop was organised by Ms. Kiran Ananad under the able guidance of Principal Dr. Krishan Kant Gupta. 124 students along with ICC members Ms. Kamal Tandon, Dr. Usha Chaudhary, Dr. Geeta Gupta and student representative Ms. Preeti Nagar attended this workshop. After that a meeting of ICC was held in which future activities were decided.